भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

NOTARIAL NOTARIAL

मुख्य रोकड़िया कोषागार, रामपुर

02 AUG 2023

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

FZ 170721

## शपथ–पत्र

हम विशम्भर सिंह एवं जगपाल सिंह कमशः अध्यक्ष एवं सचिव आर आर शिक्षा एवं समाज उत्थान समिति,ग्राम जाहिदपुर पोस्ट व तहसील शाहाबाद जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश शपथपूर्वक निम्नवत् बयान करते हैं–

1.यह कि, हमारी सोसायटी द्वारा राम रतन सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज, ग्राम जाहिदपुर पोस्ट व तहसील शाहाबाद जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश नामक डिप्लोमा स्तरीय तकनीकी शिक्षण संस्थान की स्थापना सत्र 2023–24 से किया जाना प्रस्तावित है।

2.यह कि, हमारी सोसायटी के नाम ग्राम जाहिदपुर पोस्ट व तहसील शाहाबाद जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश में गाटा संख्या 145,146,147,165,164,132,154,155 एवं रकबा 0.8100 हेक्टेयर (कुल रकबा 0.8100 हेक्टेयर) भूमि है।

3. यह कि, उपरोक्त भूमि पर किसी प्रकार का कोई भी वाद किसी भी न्यायालय में नहीं चल रहा है, और भूमि विवाद रहित है।

4. यह कि, उपरोक्त पते पर सोसायटी के नाम उपलब्ध भूमि के गाटा संख्या 145,146,147,165,164,132,154,155 रकबा 0.8100 हेक्टेयर (कुल रकबा 0.8100 हेक्टेयर) पर उपरोक्त नाम की डिप्लोमा स्तरीय तकनीकी शिक्षण संस्थान की स्थापना किये जाने का प्रस्ताव सोसायटी की बैठक दिनांक 18.01.2022 द्वारा पारित किया गया है।

Deponent/Declerent Deponent/Declerent

शेष 2 पर

5. यह कि, उपरोक्त भूमि पर प्रश्नगत डिप्लोमा स्तरीय तकनीकी शिक्षण संस्थान के संचालन हेतु भवनों का निर्माण अनुमोदित नक्शे के अनुसार किया गया है।

6. यह कि, निरीक्षण समिति के समक्ष उपरोक्त पते पर सोसायटी के नाम भूमि एवं उस पर निर्मित एवं निर्धारित भवनों को ही निरीक्षण समिति के समक्ष निरीक्षण हेतु प्रस्तुत किया गया है।

7. यह कि, इस भूमि एवं इस पर निर्मित भवनों पर केवल उपरोक्त नाम की डिप्लोमा स्तरीय तकनीकी शिक्षण संस्थान का ही संचालन किया जायेगा।

8. यह कि ,इस संस्था में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद से सम्बद्ध पाठ्यकमों एवं प्रवेश क्षमता के अनुसार ही पाठ्यकनों में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

9. यह कि ;उपरोक्त भूमि व इस पर निर्मित भवनों में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेष लखनऊ से सम्बद्ध संस्था एंव पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त किसी अन्य परिषद/विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित/सम्बद्ध कोई अन्य संस्थान/विद्यालय/महाविद्यालय/आई0टी0आई0 आदि का सचांलन न तो पूर्व में कभी किया गया है और न ही भविष्य में किया जायेगा।

10. यह कि, संस्थान के संचालन हेतु आवश्यक क्लास रूम, प्रयोगशालाओं एवं कार्यशालाओं आदि को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद के मानकों के अनुसार ही सुसज्जित किया जायेगा।

11. यह कि, संस्था के संचालन हेतु आवश्यक शैक्षिक एवं अशैक्षिक स्टाफ की तैनाती सोसायटी द्वारा सत्र प्रारंभ के पूर्व कर लिया जायेगा।

12. यह कि, शासन/परिषद द्वारा निर्गत निर्देशो/आदेशो का भलीभातिं पालन करूंगा। यदि मेरे संस्थान में किसी भी समय स्थलीय निरीक्षण मानकानुसार कोई भी कमी पायी जाती है तो परिषद की निरीक्षण एंव सम्बद्धता समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा एंव मुझे मान्य होगा। इस हेतु मेरे द्वारा कोई विधिक कार्यवाही नही की जाएगी।

13. मैं घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा दी गयी उपरोक्त सूचना मेरी निजी जानकारी में पूर्ण रूप से सत्य हैं। यदि दी गयी जानकारी एंव अभिलेख/दस्तावेज फर्जी, कूटरचित अथवा त्रुटिपूर्ण पाये जाते है तो मेरे विरूद्ध परिषद द्वारा नियमानुसार कानून संगत कार्यवाही की जा सकेगी। ऐसी की गयी विधिक कार्यवाही हेतु मैं स्वंय उत्तरदायी होऊंगा।

Deponent/Declerent

Deponent/Declerent

ह0 अध्यक्ष

ह0 सचिव

NOTARY
RAMPUR U.P.

Identified